हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 31 अगस्त 2025











B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25


# डीएमएफ की 10 माह से बैठक नहीं होने का हरिभूमि में मामला उठाते ही बैठक की तारीख तय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

खबर का असर

खनिज विकास निधि यानी डीएमएफ की बैठक 10 माह से नहीं होने से विकास कार्य रूक गए थे और नए कार्य स्वीकृत नहीं हो पा रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए हरिभूमि ने प्रमुखता से 28 अगस्त को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के संज्ञान में लाया था, उसका परिणाम यह रहा कि बैठक की तारीख का पत्र जारी हो गया। डीएमएफ की अब बैठक 5 सितंबर को होगी, इसके पहले 24 अक्टूबर को बैठक हुई थी। वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरूआत 1 अप्रैल से हो गई थी और इसकी बैठक 90 दिन के अंदर हो जाना चाहिए था। खनिज विकास निधि के जिम्मेदार इस बैठक को कराने के लिए प्रयासरत थे, परंतु किसी न किसी कारण से यह बैठक नहीं हो पा रही थी। जानकारों की मानें तो साल में कम से कम दो बैठक होनी चाहिए। यह बैठक नहीं हो पाने के कारण स्वास्थ्य विभाग के कई कार्य रूके हुए थे, यह विभाग सीधे आमजनता से जुड़ा हुआ है। आमजनता से जुड़े कार्य रूके होने से आमजनता परेशान हो रही थी, वहीं स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधि की माँग भी पूरा नहीं हो पाा रही थी। ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जो बैठक के लिए आपेक्षित है, उनको बैठक को लेकर उत्साह है, परंतु बैठक नहीं होने के कारण मायूस है। उनको मालूम है कि इस बैठक को लेकर कौन अड़गेबाजी कर रहा है, परंतु अड़गेबाजी करने वाले से संवाद करने को कोई तैयार नहीं था। जनपद पंचायत के अध्यक्ष प्रस्ताव बनाकर बैठे है और बैठक का इंतजार करने को मजबूर है। इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाकर विभाग के मंत्री, प्रभारी मंत्री और सचिव को एक्स में टैग किया था।

## दस माह से रूके विकास कार्यों पर अब आएगी गति



कार्यालय जिला खनिज संस्थान न्यास निधि
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)
Phone No. 07868-241222, Fax No. 07868-241801 E-Mail Id- dmkanker.sienc@gmail.com
क्रमांक / 5124 /खनि./DMF/2025-26 कांकेर, दिनांक 29/08/2025
प्रति,
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर
विषय :- जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक में उपस्थित होने के संबंध में।
---00---
उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के दिशा-निर्देश की कंडिका 12 (1) में दिये निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना का शासी परिषद से अनुमोदन लिये जाने दिनांक 05.09.2025 को जिला पंचायत सभाकक्ष में शासी परिषद की बैठक समय दोपहर 01:00 बजे आयोजित की गई है।
अतः बैठक में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह पदेन सचिव
जिला ख.सं.न्यास निधि शासी परिषद
उत्तर बस्तर कांकेर



दस माह से खनिज विकास निधि की नहीं हुई बैठक, विकास कार्य हो रहे हैं प्रभावित
हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर
■ खनिज विकास निधि की बैठक को लेकर जिम्मेदार कर रहे इंतजार
अधिकारी भी नहीं बता पा रहे है

### पाँच सितंबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी बैठक

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अधिशाषी परिषद के सहपदेन सचिव हरेश मंडावी के द्वारा जारी पत्र में उल्लेखित है कि 5 सितंबर को दोपहर 1 बजे शाषी परिषद की बैठक का आयोजन किया गया है। विकास निधि की बैठक में शामिल होने वाले ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने हरिभूमि को फोन करके धन्यवाद ज्ञापित किया कि समाचार प्रकाशन करने से बैठक होने का बेहतर निर्णय हो सका।

## कार्रवाई : जिला पंचायत सीईओ ने निलंबित करते हुए जनपद कार्यालय भेजा

# छोटेबोदली पंचायत सचिव के कारनामे की रिपोर्ट सही पाए जाने पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

खबर का असर

■ हरिभूमि ने मामले को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए प्रशासन के संज्ञान में लाया था

विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत छोटेबोदेली सचिव के रवैए से सरपंच, उपसरपंच व वार्डपंच सहित पंचायत क्षेत्र के आम नागरिक परेशान थे। सरपंच का कहना है कि सचिव शराबी है। मेरे प्रभार लेने के बाद एक दिन भी पंचायत और आश्रित गांवों नहीं आया है। मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रशासन के संज्ञान में लाया। प्रशासन ने जाँच रिपोर्ट के आधार पर सचिव को निलंबित करते हुए जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा भेजा गया। जिले में ऐसे कई सचिव है, जो अपने मुख्यालय में न रहकर दूसरे गाँव रहकर अपने दायित्वों को सही ढंग से निर्वाह न करते हुए मनमानी करते रहते है। ऐसे सचिवों को चिन्हांकित कर उनके खिलाफ भी कार्यवाही हो सकती है। छोटेबोदेली के सरपंच केदूराम पोटाई ने मीडिया को बताया था कि सचिव 15 अगस्त को झंडा फहराने भी नहीं आया, यहाँ तक सरकारी दस्तावेज में मेरा फर्जी हस्ताक्षर किया, जिसे मैने पकड़ा है। ग्रामीण जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनाने भटकते हैं। प्रधानमंत्री आवास की जीओ टेकिंग के लिए क्षेत्र में नहीं आता था। पंचायत विकास के लिए प्रस्ताव बनाने, 15 वें वित्त योजना से विकास कार्य कराने के लिए ध्यान नहीं देता है। जनपद से कोई भी जानकारी मांगने पर मनगढ़त दस्तावेज तैयार करके भेजता था। केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना भी ठप पड़ी हुई है। छः महीने हो गया है, मेरे पंचायत क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। सरपंच ने कहा कि इसके कार्यकाल ▸▸ शेष पेज 10 पर

### मीडिया में सरपंच के बयान आने से मचा हडकंप



निलंबित सचिव दिग्विजय साहू

मीडिया में सरपंच के बयान का वीडियो वायरल होने और हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित होते ही अगले दिन जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में हडकंप मच गया। सचिव के खिलाफ तैयार रिपोर्ट को खंगालने का खेल शुरू हो गया। शिकायत लंबे समय से की जा रही थी, परंतु कार्यवाही नहीं हो पा रही थी। जनपद पंचायत सीईओ उदय नाग ने सचिव के खिलाफ तैयार रिपोर्ट को कार्यवाही करने के लिए जिला पंचायत सीईओ को भेजा। रिपोर्ट मिलते ही सचिव पर गाज गिर गई।



छोटेबोदेली का सचिव नशे में मस्त सरपंच और जनता की हालत त्रस्त
हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर/दुर्गुकोंदल

हरिभूमि में 29 अगस्त को प्रकाशित समाचार

### सचिव पर गिरी गाज जनपद कार्यालय भेजे गए

सरपंच एवं ग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायत सही पाए जाने पर ग्राम पंचायत छोटेबोदली में पदस्थ सचिव दिग्वीजय साहू को शासकीय कार्य करने में घोर लापरवाही बरतने के चलते पंचायत का कार्य समय पर नही हो पाने शासन द्वारा दी जाने वाले कार्य तथा योजनाओं का कियान्वयन नहीं करने, ग्राम पंचायत का अभिलेख से संबधित एवं अन्य कार्य प्रभावित होने से संबंधित सचिव के विरुद्ध मिली शिकायते सही पाई गई। सचिव द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतना पाया गया। सचिच दिग्विजय साहू को छ.ग. पंचायत सेवा नियम 1999 के नियम 4 की तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# सब इंस्पेक्टर की नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों ऐंटे, आरोपी महिला जेल की सलाखों में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



सिदेसर के युवक को जगदलपुर की महिला ठग ने सब इंस्पेक्टर की नौकरी लगवाने का झांसा देकर तीन लाख रूपएं की ठगी किया। नौकरी नहीं लगने पर युवक ने ठग से पैसे की माँग किया, परंतु पैसा न देकर मोबईल रिसीव करना बंद कर दिया था। अंततः पीड़ित युवक ने थाना में शिकायत किया। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए महिला ठग को दबोचा और जेल की सलाखों में भेज दिया।

थाना कांकेर में 20 अगस्त को शिकायत करने पहुंचे 27 वर्षीय दीपक कांगे पिता श्याम साय कांगे ने पुलिस को बताया कि लाल बहादूर शास्त्री वार्ड जगदलपुर निवासी इन्द्रा ठाकुर से मेरा पहचान दोस्तों के माध्यम से हुआ था। 2023 में सब इस्पेक्टर भर्ती के लिए नौकरी लगाने की बातचीत आयुष गुप्ता के घर रायपुर में हुआ था। सब इस्पेक्टर भर्ती 2023-24 के लिए इन्दा ठाकुर ने मुझसे तीन लाख रूपये की मांग कि तो मैंने उनको आधा आधा कर के मैने पैसे दिये थे, जो कि इन्द्रा ठाकुर मेरे घर सिदेसर पैसे लेने आयी थी तब मैं अपने पिता श्याम साय कांगे के समक्ष उनको 70 हजार रूपएं नगद, उसके बाद 10 मार्च 2023 को उनके घर जगदलपुर जाकर अपने दोस्त गुडडा नेताम के समक्ष डेढ़ लाख रूपएं दिया था। उसके बाद 13 अप्रैल 2024 को इंद्रा ठाकुर के कहने पर उसके ड्राईवर कृष्ण कुमार साहू के एसबीआई खाता में 80 हजार रूपएं डाला था। सब इस्पेक्टर भर्ती का रिजल्ट आया तो मेरा नाम नहीं होने से मैने पैसा मांगने के लिय इंन्द्रा ठाकुर को फोन किया, परंतु फोन नहीं उठाती है। इंद्रा ठाकुर ने नौकरी लगाने के नाम पर शिकायतकर्ता से 3 लाख की ठगी कर लिया। पुलिस ने आरोपी महिला इंद्रो ठाकुर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए पतासाजी किया।

कांकेर पुलिस ने आरोपी महिला को 30 अगस्त को जगदलपुर जिलामुख्यालय के लाल बाग जगदलपुर लाल बहादुर शास्त्री वार्ड निवासी 52 वर्षीय इंद्रा ठाकुर पति स्व. विनोद ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### ससीबा वाहिनी केवटी ने किया प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित



**भानुप्रतापपुर।** सशत्र सीमा बल 33 वीं वाहिनी के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर प्राथमिक शाला केवटी में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया। सभी छात्र-छात्राओं के उत्साह वर्धन तथा उन्हें खेलों के विषय में जागरूक किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को उचित पुरष्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया कि खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं और हमें स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले सभी प्रकार के खेलों में भाग लेना चाहिए, इससे हमारे शरीर एवं मष्तिष्क का समुचित विकास होता है।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** हल्बा चौकी अंतर्गत गितपहर निवासी 30 वर्षीय गुलशन कुमार कौशिक ने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। गितपहर निवासी 48 वर्षीय संजय कुमार कौशिक ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 28 से 29 अगस्त के बीच अपने घर के अंदर म्यार में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता पर दी जानकारी



**दुर्गुकोंदल।** शाउमावि मेड़ो में पदस्थ जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी तृप्ति गजभिये के द्वारा किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता संबधित जानकारी दिया गया। शिक्षिका द्वारा बताया गया कि मासिक धर्म स्वच्छता का अर्थ है। पीरियडस के दौरान अपने शरीर को साफ औऱ स्वच्छ रखना है, जिसमें सैनिटरी पैड या टैम्पोन जैसे उत्पादों का सही इस्तेमाल नियमित रूप से व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना औऱ संक्रमण से बचने के लिए उचित देखभाल करना शामिल है तथा इस दौरान संतुलित भोजन करने कि भी सलाह दी गई, जिससे किशोरियों के शरीर का विकास व संतुलन बना रहे। मासिक धर्म में स्वच्छता का पालन करने से बैक्टिरियल संक्रमण औऱ अन्य बिमारियों का खतरा कम होता है, जिससे बालिकाएं स्वस्थ्य औऱ सुरक्षित रह सकती है। इस कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षकाए और बालिकाएं शामिल रही।

### संत रामपाल के शिष्यों ने मांदर में सामान बांटे

**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा क्षेत्र में लगातार बारिश और बाढ़ से मांदर गांव का जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ग्रामीण अपने उजड़े घरों से बेघर होकर खुले में दिन काट रहे हैं। इस संकट की घड़ी में संत रामपाल महाराज के शिष्य पहुंचाने गांव पहुंचे ।

# मां की हत्या करने पर कलयुगी बेटे को मिली 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



नरहरपुर थानांतर्गत आंखीहर्रा में घरेलू बात को लेकर बेटे ने अपनी मॉ के ऊपर लकड़ी के डंडा से ताबड़तोड़ हमला कर लहुलूहान कर दिया। माँ खून से लथपथ पड़ी रही, जिसे अन्य परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए। इलाज से पहले ही माँ ने दम तोड़ दिया। मामले की सुनवाई करते हुए प्रधान सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को दस साल की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार उक्त घटना 27 जनवरी की शाम 4 बजे का है। आरोपी की मॉ नरहरपुर थानांतर्गत आंखीहर्रा निवासी 50 वर्षीय ज्ञाना बाई नेताम पति सुमन नेताम द्वारा आरोपी नरहरपुर थानांतर्गत आंखीहर्रा निवासी 20 वर्षीय सावन कुमार नेताम को घर में रखे सामान को घर के पीछे स्थित कुंआ में फेंकने से मना किया और कहा कि दिन भर इधर-उधर घूमता है, कोई काम-धाम नहीं करता और सामान को नुकसान पहुंचाता है, इतना बोलने पर आरोपी कलयुगी बेटे सावन कुमार आक्रोशित होकर अपनी मां ज्ञानाबाई को जान से मारने की बात कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। घर के अंदर रखे लकड़ी के डंडा से माँ के सिर में ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। खून से लथपथ वह जमीन पर पड़ी रही और बीच बचाव के लिए आवाज देने लगी। आवाज को सुनकर प्रीति नेताम जो मृतिका की बेटी है वह आई और अन्य लोगो को बुलाई। घटना के बाद आरोपी डंडा को लेकर जंगल की ओर भाग गया था। पीड़िता ज्ञाना बाई को इलाज के लिए सीएचसी नरहरपुर लेकर गए, जहां उपस्थित चिकित्सकों ने उसके मौत होने की पुष्टि किया। प्रधान सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव के न्यायालय में ▸▸ शेष पेज 10 पर

### नरहरपुर में उत्साह के साथ मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

**नरहरपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सक्रिय रहें, स्वस्थ रहें विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता से हुई, जहाँ छात्रों ने जीवंत कलाकृतियों के माध्यम से फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व को व्यक्त किया। इसके बाद, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, थ्री-लेग रेस, पोटैटो रेस और स्पून मार्बल रेस सहित कई ऊर्जावान खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर आयोजकों ने इस बात पर जोर दिया कि खेल केवल शारीरिक मजबूती के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और चरित्र निर्माण के लिए भी आवश्यक हैं। समारोह का समापन विजेताओं को सम्मानित करने के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन शारीरिक शिक्षा शिक्षिका अंजलि कश्यप और गांधी फेलो अमृता दास ने किया।

# पायल बस के चालक की क्रूरता का वीडियो वायरल, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

■ बस चालक ने क्रूरता दिखाते हुए गाय को जानबूझकर रौंदा









सवारी बस क्रमांक सीजी 07 सीएल 7020 के चालक राकेश ने 30 अगस्त की सुबह साढ़े 12 बजे संतोषी मंदिर के पास एक गाय के पास बस को रोका और गाय के नहीं उठने पर गाय के ऊपर बस को चढ़ा दिया। बस चालक की क्रूरता का वीडियो वायरल होने पर कार्यवाही माँग उठने लगी। जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो संतोषी मंदिर के पास का है और इस स्थल पर रात को सड़क पर कई गाय बैठी हुई थी। पायल बस के चालक ने क्रूरता दिखाते हुए बस को गाय के पास ले जाता है, उसे धक्का देता है कि गाय हट जाएगी, परंतु गाय के नहीं हटने पर बस के क्रूर चालक ने बस से गाय को जानबूझकर रौंद दिया और घसीटते हुए 50 मीटर ले गया। गाय पिछले पहिए पर फंस गई और बस आगे नहीं बढ़ रही थी। बस चालक उसके बाद बस को बैक करके घुमाकर बस को लेकर भाग गया। आसपास दुकान में लगे वीडियो को देखने के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला रहा है। लोग इस क्रूरता की कड़ी निंदा कर रहे हैं ▸▸ शेष पेज 10 पर

## नाली में जमा कचरे और मलबे के कारण परेशान दुकानदार

# टूटी नाली और कचरे का अंबार बना दुकानदारों की मुसीबत, बरसात में स्थिति और भी विकराल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर





शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की बदहाली के कारण दुकानदार व आमजन लगातार परेशानी झेल रहे हैं। एक दुकान के बाहर नाली पूरी तरह से टूटी हुई है, जिसमें कचरे का ढेर जमा हो चुका है। गंदगी और दुर्गंध से यहां का वातावरण अस्वच्छ हो गया है। बरसात के समय यह समस्या विकराल रूप ले लेती है। नाली जाम होने के कारण गंदा पानी सीधे दुकानों में घुस जाता है, जिससे दुकानदारों का व्यापार प्रभावित होता है और ग्राहकों का आना-जाना भी बाधित होता है। शहर के कचहरी चौक के पास स्थित दुकानों के बाहर नाली का काम अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे टूटी हुई नाली में कचरे का ढेर जमा हो गया है और टूटी हुई नाली से दुकानदार लगातार परेशान है। नाली में जमा कचरे और मलबे के कारण न केवल वातावरण अस्वच्छ बना हुआ है, बल्कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी विकराल हो गई है। बारिश का पानी भरकर नाली से उल्टा दुकान के अंदर घुस आता है, जिससे दुकानदार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गिरिश साइकिल के संचालक रणबीर कुमार ने बताया कि दुकानों के बाहर नाली का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। बरसात के समय स्थिति और भी ▸▸ शेष पेज 10 पर

### टूटी हुई नाली दुकानदारों के लिए बड़ी समस्या

दुकान के बाहर गंदगी और टूटी हुई नाली दुकानदारों के लिए बड़ी समस्या का कारण बनी हुई है। नाली में लगातार कचरा जमा रहने से दुर्गंध फैल रही है और राहगीरों को भी असुविधा हो रही है। दुकानदार का कहना है कि बरसात के दिनों में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। बारिश का पानी नाली से उल्टा बहकर दुकान के अंदर घुस आता है, जिससे व्यापार प्रभावित होता है और ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# दो पक्षों में सड़क पर चलने को लेकर हुआ विवाद, शिकायत पर काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



अंतागढ़ थानांतर्गत गोल्डन चौक के पास दो गुट में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद धीरे धीरे मारपीट में तब्दील हो गया। घटना के बाद दोनो पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया। दोनो पक्ष की बात सुनकर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया।

अंतागढ़ थाना में शिकायत करने पहुंचे बलौदाबाजर जिला के सिमगा थानांतर्गत ग्राम लिमतरा निवासी 34 वर्षीय नूतन कुमार रात्रे पिता राम बिशाल रात्रे ने पुलिस को बताया कि नारायणपुर से अपने घर लिमतरा जा रहा था, तभी 29 अगस्त को सुबह करीबन पौने 11 बजें अंतागढ गोल्डन चौक के पास पहुचा था। रास्ते में मेरे साईड बांस बल्ली को राजा खान घुसा दिया। मैने आरोपी राजा खान को मना किया, परंतु जान से मारने की धमकी देने लगा और बांस के ड़डे से मारपीट करने किया। आरोपी ने अन्य लोग को भी फोन करके बुलाया और उन लोगो के साथ मिलकर मारपीट किया। मारपीट से मेरा सिर, जबड़ा, दाहिना पैर एवं बांएं हाथ मे चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजा खान व अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरे पक्ष से अंतागढ़ थाना में ▸▸ शेष पेज 10 पर

# 3 सितंबर को खुलेगा मां लिंगेश्वरी मंदिर का द्वार, मंदिर में प्रवेश प्रतिबंधित, बाहर से ही होंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

साल में एक बार खुलने वाला आलोर की पहाड़ी गुफा पर स्थित मां लिंगेश्वरी मंदिर इस साल 03 सितंबर 2025 दिन बुधवार को खुलेगा। जिसका निर्णय मंदिर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा बैठक कर लिया गया हैं। आपको बतादें देवताओं की धार्मिक आस्था के लिए पूरे विश्व में प्रख्यात बस्तर की

■ आस्था का केंद्र है बस्तर की पहाड़ियों पर स्थित यह गुफा मंदिर

खूबसूरत वादियों में शिवलिंग के अवतार में माता लिंगेश्वरी विराजमान है जो कोंडागांव



जिले के फरसगांव ब्लॉक के ग्राम झाटीबन आलोर के पहाड़ों के बीच एक गुफा में मां लिंगेश्वरी विराजमान है, जहां हर वर्ष हजारों की संख्या में भक्त अलग-अलग राज्यों से मन्नत की कामना लिए दर्शन करने आते हैं। अधिकांश निसंतान दंपती संतान की प्राप्ति के लिए माता के दर्शन करने आते हैं।इस वर्ष भी मंदिर में भक्तों का प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है, श्रद्धालुओं को मंदिर के बाहर से ही माता के दर्शन करने होंगे। श्रद्धालुओं को माता लिंगेश्वरी मेला का बड़ी बेसबरी से इन्जार रहता है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु अपनी मनोकामना लिए माता के दर्शन को पहुचते है। मंदिर खुलने से एक दी पहले ही मंदिर के नीचे श्रद्धालुओं की भीड़ लगा जाती है।

## खबर संक्षेप



### राऊरवाही आंबा जर्जर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम राऊरवाही में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 की जर्जर स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी रिगबत्ती वट्टी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि भवन की दीवारें कमजोर हो चुकी हैं और किचन शेड पर पेड़ गिरने के कारण वह भी क्षतिग्रस्त हो गया है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में नए भवन और किचन शेड के पुनर्निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण और शिक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए सुरक्षित भवन का होना आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने वाले सरपंच बलराम टेपरिया, भरत निषाद, नरेश कोमरा, पपीत गावड़े, नाथूराम नरेटी, बिदेसिंह दुग्गा, रमेश कोमरा उपस्थित रहें।

### पीटीआई के घर में घुसा सैंडबोआ

**फरसगांव।** नगर में आदर्श कॉलोनी में पीटीआई जागृति पटेल के घर में एक विशालकाय सैंडबोआ सांप घुस गया। जागृति पटेल जब अपने किचन रूप में गई तो देखा तो एक कोने में विशालकाय सांप था। वह डर गए। उन्होंने तुरंत अपने विभाग के कर्मचारी दोस्तो को जानकारी दी। जिसके एक नहीं बल्कि नगर के तीन स्नेक कैचर तत्काल मौके पर पहुंचे।

## सरेंडर : मुलगु एसपी के समक्ष समर्पित नक्सलियों में चार महिलाएं

# 5 लाख का इनामी एसीएम थाती उंगी समेत सात नक्सलियों का तेलगांना में आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग के बीजापुर जिला निवासी सक्रिय पांच लाख के ईनामी एरिया कमेटी मेंबर थाती उंगी समेत 7 नक्सलियों ने तेलगांना में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में चार महिला नक्सली भी शामिल है। सभी ने मुलगु एसपी के समक्ष बिना हथियार के समर्पण किया। तेलगांना स्टेट में चलाए जा रह रहे गांव वापस आ जाओ अभियान के तहत नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। समर्पित नक्सलियों में एक एसीएम के अलावा 3 पार्टी मेंबर, 1 आरपीसी अध्यक्ष, 1 मिलिशिया मेंबर व 1 सीएनएम मेंबर शामिल है। समर्पित नक्सलियों को 25-25 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया वहीं 7 लाख रूपए उनके खाते में जमा किया जाएगा। समर्पित नक्सलियों में एसीएम थाती उंगी उर्फ राजे 35 वर्ष निवासी ग्राम दमावरम उसूर ब्लॉक थाना पामेड़ जिला बीजापुर के अलावा कोडमे सुक्कू 35 वर्ष चेरपाल, सोड़ी भीमे 20 वर्ष उसूर, कुंजम

■ दो लाख के इनामी समेत 4 नक्सली सुकमा में बम के साथ गिरफ्तार



वरालक्ष्मी 18 वर्ष नीलामडगू, पद्दम जोगा 55 वर्ष पुजारी कांकेर, कोरसा पयिकी 34 वर्ष व सोड़ी आदमा 40 वर्ष शामिल हैं। एसपी ने बताया कि मुलगु जिले में जनवरी 2025 से अब तक 80 माओवादी सदस्यों ने आत्मसमर्पण किया है। माओवादी संगठन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। निचले स्तर के कैडर नेतृत्व का विरोध कर रहे हैं। आदिवासी ग्रामीणों की ओर से सहयोग बंद करने से माओवादियों को भोजन की आपूर्ति में भी कठिनाई हो रही है। 90 प्रतिशत से अधिक कैडर गरीब आदिवासी हैं जो अब विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।




### दो लाख के इनामी समेत चार नक्सली विस्फोटक के साथ गोगुण्डा में गिरफ्तार

सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ईनामी समेत चार नक्सलियों को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया है। केरलापाल पुलिस बल एवं डीआरजी ब्रेवो की संयुक्त टीम शुक्रवार को नक्सल आपरेशन में सामसट्टी व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान ग्राम सामसट्टी के पगडण्डी रास्ते के पास 4 नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से 2 टिफिन बम, 4 डेटोनेटर, कोर्डेक्स वायर, जिलेटिन रॉड व अन्य सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों में गोगुण्डा पंचायत मिलिशिया कमाण्डर 2 लाख का ईनामी मुचाकी देवा के अलावा मुचाकी गुड्डी उर्फ महेश, सोड़ी हिड़मा व सोड़ी देवा शामिल है।

# छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर बच्चों ने किया सामूहिक पुस्तक वाचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, रजत जयंती महोत्सव 2025–26 के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में आज प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में सामूहिक पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया।

■ दादी की झाड़ू कहानी ने बच्चों को किया आकर्षित

प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बताया कि मुस्कान पुस्तकालय के अंतर्गत बच्चों में पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए रोज कहानी और कविताओं का वाचन कराया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के मोबाइल युग में बच्चों को



किताबों से जोड़ना बहुत जरूरी है ताकि उनमें विचार और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ सके। पुस्तक वाचन दिवस पर, शिक्षिका मधु तिवारी द्वारा लिखी गई कहानी दादी की झाड़ू बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने इसे बहुत ही उत्साह के साथ पढ़ी। यह कहानी खास थी क्योंकि इसे उनकी अपनी शिक्षिका ने लिखा था। यह गौरतलब है कि शिक्षिका मधु तिवारी की कई बाल उपयोगी कहानियों और कविताओं को छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के सभी प्राथमिक स्कूलों में बच्चों के लिए भेजा है।

# निर्माण व विकास तथा पीएम आवास योजना की समीक्षा बैठक में की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल अंतर्गत जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी सुरेंद्र बंजारे की अध्यक्षता में ग्राम पंचायतों के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक 29 अगस्त को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

बैठक में प्रमुख एजेंडा के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा समीक्षा की गई, जिसमें 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत पूर्ण वर्षों 2020-21 से वर्ष 2023-24 तक के पूर्ण कार्यों के उपरान्त ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर पूर्ण किए जाने की समीक्षा। 15वें वित्त आयोग अन्तर्गत वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक अप्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्रों की समीक्षा। पीएआई 2.0 पोर्टल में एण्ट्री उपरान्त पीएआई 2.0 को ग्राम सभा में अनुमोदन की समीक्षा। अटल सुविधा केन्द्र अन्तर्गत चिन्हांकित 44 ग्राम पंचायतों में ट्रांजेक्शन की समीक्षा। समर्थ पंचायत पोर्टल के लिए ग्राम पंचायतों में सम्पत्ति कर एवं व्यवसायिक कर के लिए जारी प्रपत्रों में जानकारी संलित किए जाने की समीक्षा। विगत दो ग्राम सभाओं में पारित संकल्पों की समीक्षा, अटल डिजीटल सुविधा केन्द्र निर्माण की समीक्षा, टीएमपी पोर्टल में ग्राम पंचायत पंच सरपंच का आधार अपडेट के संबंध में, प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत सम्पूर्ण विषयों पर विस्तृत, मनरेगा योजना अन्तर्गत आंगनबाड़ी, भवन निर्माण कार्य, पृथ्थकरण शेड निर्माण एवं लेबर बजट 2026-27 के संबंध में विस्तृत समीक्षा, एसबीएम योजना अन्तर्गत सम्पूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई और निर्देशित किया गया कि विकास कार्यों को समय सीमा पर पूरा किया जाए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपान अधिकारी आरडीठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, प्रधानमंत्री ब्लॉक समन्वयक प्रमोद ठाकुर, निर्माण शाखा ब्लॉक समवन कमलेश साहू, बीपीएम नंदिनी दीवान तकनीकी सहायक ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने पूर्व पालिका अध्यक्ष आरती श्रीवास्तव को दी श्रद्धांजलि



**कांकेर।** जिला कांग्रेस कमेटी कमेटी द्वारा कांग्रेस शहर के दिवंगत नेताद्वय पूर्व नगर पालिका के अध्यक्ष आरती रवि श्रीवास्तव तथा पूर्व पार्षद राजेश पप्पू चौरसिया के निधन पर राजीव भवन कांकेर में शनिवार को शाम 4 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मृतआत्मा के शांति के लिए मौन धारण कर प्रार्थना की गई। शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त कर श्रृद्धाजंलि दी गई।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम ने कांग्रेस के दिवंगत दोनों नेताओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा कांग्रेस संगठन एवं जनमानस के प्रति किए गए कार्यों और योगदान याद करते हुए सदैव महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संगठन में जोड़ने के लिए प्रेरित करने की बात कही। पूर्व पार्षद नरेश बिछिया ने अपने कार्यकाल में दोनों नेताओं के साथ किए कार्यों को साझा करते हुए बताया कि दोनों की सोच सकारात्मक रही और नगर विकास के लिए सदैव समर्पित रहे। जिला कांग्रेस महामंत्री सुनील गोस्वामी ने दोनों नेताओं को निधन को कांग्रेस के लिए बड़ी क्षति बताया और कहा कि उनके असामयिक निधन से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है साथ उनके परिवारजनों को भी एक बड़ी क्षति हुई है, कांग्रेस पार्टी के द्वारा शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

### बकली में अखण्ड रामधुनी 17 सितंबर से

**सिर्री।** ग्राम बकली में पांच दिवसीय अखण्ड रामधुनी प्रतियोगिता 17 सितंबर से आयोजित की गई है जिसमें ख्यातिप्राप्त जय भोले लोक संस्कृति रामधुनी मंडली डोकला चारामा, जय बजरंग रामधुनी मंडली सेनचुवा छाती, दीप्ति रामधुनी मंडली रानीतराई पाटन, संगम रामधुनी सुपेला भखारा, सिया के राम लोककला रामधुनी सोहतरा बालोद, मोर छत्तीसगढ़ अंचल रामधुनी मंडली बानगर कुरूद, तुलसी के वाणी लोक संस्कृति रामधुनी मंडली उड़ेना छाती, जय छत्तीसगढ़ बालक रामधुनी मंडली देवरी भखारा, नव ज्योति आदर्श रामधुनी मंडली जगन्नाथ बालोद।

# लोकगायिका आरू साहू का कल फरसगांव में कार्यक्रम

## लगातार चौदह वर्षों से समिति द्वारा किया जा रहा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर इस वर्ष भी नगर के जनपद स्कूल मैदान में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति द्वारा विशालकाय पंडाल मे भव्य रूप से भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित किया गया। जनपद स्कूल मैदान में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के

■ जनपद स्कूल मैदान में विशालकाय पंडाल मे विराजे विघ्नहर्ता भगवान गणेश




अनुसार यह उनका चौदहवां वर्ष है, इनके द्वारा हर वर्ष भांति भव्य रूप से भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना किया गया। पंडाल में समिति द्वारा सुबह शाम भगवान गणेश की पूजा अर्चना की जा रही है। समिति द्वारा हर वर्ष विभिन्न विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जैसे रामायण, रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी नाच, ओर्केस्ट्रा, जगराता, झांकी, बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता के साथ साथ अन्य कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष समिति द्वारा एक सितंबर सोमवार को छग सुप्रसिद्ध लोकगायिका आरू साहू का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समिति द्वारा इस कार्यक्रम के लिए प्रचार प्रसार माध्यम से क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम को देखने आमंत्रित किया जा रहा है।

# एनएचएम कर्मचारियों ने निकाली लंबी मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ, इकाई कोण्डागांव के बैनर तले आज कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डी एन के ग्राउंड से मशाल रैली निकाली। यह रैली जय स्तम्भ से होते हुए अंबेडकर चौक पर जाकर समाप्त हुई। संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, कार्य मूल्यांकन सीआर में पारदर्शिता, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, आनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा। रैली में बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी शामिल हुए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।



## महंगे ब्रांड के फोन भी शामिल, सीमावर्ती राज्यों से की गई बरामदगी

# कोण्डागांव पुलिस ने लौटाए 25 लाख के गुम मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के नेतृत्व में कोण्डागांव साइबर सेल ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए गुम हुए मोबाइलों की रिकवरी अभियान चलाया। मात्र एक माह के भीतर टीम ने 115 मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए। बरामद मोबाइलों की बाजार कीमत लगभग 25 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर सेल ने विशेष अभियान चलाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं डीएसपी सतीष कुमार भार्गव के मार्गदर्शन में टीम ने विभिन्न जिलों व सीमावर्ती राज्यों उड़ीसा, महाराष्ट्र और तेलंगाना से मोबाइलों की तलाश की।

■ अब तक 1500 से अधिक मोबाइल मालिकों को मिल चुका है उनका खोया फोन



### आईफोन, वनप्लस, सैमसंग जैसे महंगे मोबाइल बरामद



बरामद मोबाइलों में आईफोन, वनप्लस, वीवो, रेडमी और सैमसंग जैसी महंगी कंपनियों के सेट भी शामिल हैं। इन मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। कोण्डागांव पुलिस अब तक कुल 1500 से अधिक गुम मोबाइल रिकवर कर उनके मालिकों तक पहुंचा चुकी है। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए है। मोबाइल वापस पाकर कई मालिकों ने कहा कि उन्होंने दोबारा अपना मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन कोण्डागांव पुलिस ने उनकी उम्मीदें फिर से जगा दीं।

### रिकवरी अभियान के साथ जनजागरूकता भी

समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने लोगों से अपील की कि अगर किसी को गुम मोबाइल मिलता है तो वह नजदीकी थाने में जमा करें। उन्होंने बिना बिल के मोबाइल खरीदने से बचने की सलाह दी और साइबर अपराध से बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही लोगों को याद दिलाया गया कि साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन 1930 या साइबर पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज करें। मोबाइल रिकवरी अभियान में साइबर सेल के निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सागरबती सोरी, लूमन सिंह भण्डारी, जितेन्द्र मरकाम, चौतराम मरकाम, बीजू यादव, मनोज पोयाम, कृष्णा नेताम, मनीष बोस, मनोज मरकाम, लखुराम मरकाम एवं रमेश बर्मन ने अहम भूमिका निभाई।

## पेज 9 के शेष

### छोटेबोदली पंचायत सचिव...

की वित्तीय जाँच कर दिया जाएं तो यह जेल की सलाखों में पहुँच जाएगा। निलंबन करने से आधी तनख्वाह मिलेगी, इसके खिलाफ सैकड़ो सबूत है, जाँच करके सेवाए समाप्त कर देना चाहिए। ऐसी शराबी इंसान नौकरी करने लायक नहीं है।

### सब इंस्पेक्टर की...

सिंह ठाकुर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, सउनि सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गितेश्वर, आरक्षक श्रवण ठाकुर, पुरन लाल साहू, मआर गड़ेश्वरी कोड़ोपी का अहम भूमिका रही।

### मां की हत्या...

मामले को प्रस्तुत किए जाने पर साक्ष्य एवं सबूत के आधार पर आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम करावास एवं 500 रूपएं के अर्थडण्ड से दंडित किया गया। राशि अदा नही करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास। मामले की पैरवी शासन की कोर से शासकीय अधिवक्ता ईश्वर लाल साहू ने किया।

### पायल बस के...

और आरोपी ड्राइवर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मवेशी मालिक तो अपने मवेशी को लावारिश छोड़कर गल्ती कर रहे है, उसके साथ ही नगर पालिका ने एक दिन कार्यवाही किया, उसके बाद भूल गई। यातायात पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बस की पहचान कर लिया है और बस नंबर एवं चालक की पतासाजी कर चुकी है। बस चालक को दबोचने के लिए यातायात प्रभारी दीपक साव ने टीम का गठन कर दिया है। आरोपी चालक पर कार्यवाही करने की रणनीति तैयार कर लिया है।

### टूटी नाली और...

भयावह हो गई है। नाली जाम होने से पानी सीधे दुकानों में घुस जाता है, जिससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित होता है, जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही नाली की मरम्मत करवाई जाए और नियमित सफाई की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि व्यापारियों और आमजन को राहत मिल सके।

### दो पक्षों में...

शिकायत करने पहुंचे गढ़पारा निवासी 53 वर्षीय परवेज खान पिता अनवारूल हक ने पुलिस को बताया कि 29 अगस्त अपने घर से खेत की बाड़ी बनाने के लिए एक लेबर के साथ बांस लेकर मोटर सायकल से नयापारा स्थित अपने खेत जा रहा था। गोल्डन चौक के पास करीबन सुबह करीबन पौने 11 बजें एक व्यक्ति मोटर सायकल पर सवार था और मोबाईल से बात करते हुए सामने से आ रहा था। बांस उसे न लग जाए, इसलिए मैंने मोटर सायकल रोक दिया। तभी वह पास से गुजरा और मुझसे गाली गलौच करते हुए बोला की देखकर नही चल सकता। वह नशे मे लग रहा था तब मैंने अपने लेबर को मोटर सायकल से उतरने को कहा और उसे समझाने की कोशिश किया, पर वह सामने रखे सफाई करने वाला वाइपर से मेरे चेहरे पर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में ताबतोड़ वार किया। हमले से मेरे चेहरे पर चोट आई है। बाद मे मुझे पता चला कि वह व्यक्ति लिमरा निवासी नूतन कुमार रात्रे हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नूतन कुमार रात्रे के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### पीएम आवास योजना की समीक्षा बैठक हुई

**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल में ग्राम पंचायतों के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक 29 अगस्त को जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया था। पीएमआवास योजना अंतर्गत सम्पूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा किया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी, भवन निर्माण कार्य, पृथ्थकरण शेड निर्माण एवं लेबर बजट 2026-27 के संबंध में विस्तृत समीक्षाएसबीएम योजना अंतर्गत सम्पूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा। निर्देशित किया गया कि विकास कार्यों को समय सीमा पर पूरा करें। प्रमुख रूप से निर्माण कार्य अधूरा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य जल्दी से जल्दी पूरा करने को कहा गया। बैठक में अनुपस्थित सचिवों को वेतन रोकने की कार्रवाई की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपान अधिकारी आरडी ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर, प्रधानमंत्री ब्लॉक समन्वयक प्रमोद ठाकुर, निर्माण शाखा ब्लॉक समवन कमलेश साहू, बीपीएम नंदिनी दीवान, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव उपस्थित रहें।

## निधन

### प्रेमराम साहू



**कांकेर।** वन विकास निगम से सेवानिवृत्त हुए अधिवक्ता प्रेमराम साहू का आकस्मिक निधन 73 वर्ष की आयु में 28 अगस्त को संध्या 4 बजे चारामा में हो गया था, जिसका अंतिम संस्कार 29 अगस्त को गृहग्राम जैसकर्रा में किया गया। कांकेर बरदेभाटा निवासी अविनाश कुमार साहू एवं अखिलेश साहू के पिता थे।

### आरती श्रीवास्तव



**कांकेर।** नगर पालिका कांकेर की पूर्व अध्यक्ष मांझापारा कांकेर निवासी 65 वर्षीय आरती श्रीवास्तव का निधन 29 अगस्त को सुबह हो गया। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी। अंतिम संस्कार शहर के मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व पार्षद आलोक श्रीवास्तव की माँ है।

**समारोह :** कार्यक्रम में छात्राओं को सरस्वती सायकिल भी बांटी गई

# डुमाली स्कूल के एलुमिनाई मीट में छात्रों ने पुराने दिनों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमाली में एल्युमिनाई मीट एवं साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम एल्युमिनाई मीट कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने स्कूल के बीते दिनों को याद किया। आकाश राणा जो राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट प्लेयर के रूप में जिले का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, उन्होंने अपने अनुभव साझा किया और इस क्षेत्र में पहुंचने का सारा श्रेय शिक्षिकाओं के प्रोत्साहन को दिया।

साथ ही रसायन विज्ञान में एमएससी कर रहे धर्मेंद्र साहू ने बताया कि वे सब्जियों की खेती के साथ एमएससी की पढ़ाई भी कर रहे हैं। केमिस्ट्री में सर्वाधिक अंक आने पर उनका रुझान इस विषय में आगे बढ़ाने को हुआ, वे स्कूल से अंतर्राज्यीय भ्रमण में विशाखापटनम जा चुके हैं। इसके अलावा गत वर्ष की मेधावी छात्रा वासनी यादव ने बताया कि शिक्षकों के प्रोत्साहन से वह कक्षा में टॉपर हुई। मिताली नागवंशी ने शिक्षकों के कर्मठता को सराहा। कला की छात्रा गरिमा कावड़े ने अपनी प्रगति का सारा श्रेय अपने गुरुजनों को दिया।

कार्यक्रम के दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र शोरी, जनपद सदस्य हिमेश्वरी साहू एवं अध्यक्षता सरपंच हृदय राम शोरी की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में साइकिल वितरण किया गया। कक्षा 9 वीं की छात्राओं को तिलक लगाकर उन्हें साइकिल की चाबी दी गई और साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अर्चना शुक्ला, समिति के सदस्य सोहनलाल पटेल, महावीर उसेण्डी, वृन्द मीरा, आर्ची चौहान, दिव्या परतेती, कांति साहू, पूनम देवांगन, प्रीति पैकरा, बिसाहिन टेकाम, अल्का ठाकुर, पूजा सिन्हा, हरिकांत व्यास, चांदनी मोटवानी व अन्य उपस्थित रहें।

### कोरर स्कूल की छात्राओं को मिली सरस्वती योजना के तहत सायकिल

**कोरर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरर में सरस्वती सायकल योजना के तहत मुख्य अतिथि सरपंच केबी ठाकुर, शाला प्रबंध विकास समिति अध्यक्ष अनूप सिंह राठौर, प्राचार्य शिवराज टांडिया, शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष अकरम कुरैशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पियूष कश्यप, उपसरपंच ललित राठी, व्याख्याता अनुपम जोफर पुखराज कोसमा की गरिमामई उपस्थिति में सायकल वितरित किया गया। अतिथियों ने छात्राओं से कहा कि सरकार की मनसा स्कूल आने में बेटियों को कोई परेशानी ना हो इसलिए आपको सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल प्रदान कर रही है। आपको भी अपना तन मन पढ़ाई में लगाना है और अपने पढ़ाई के दम पर टॉपर लिस्ट में जगह बनाना है, जिससे आपके माता पिता, गुरुजनों व गांव का नाम रौशन होगा। आप की स्कूल में जो भी समस्या होगी उसको जिम्मेदारी के साथ सरकार वा उच्च अधिकारियों के समक्ष हम सभी जनप्रतिनिधि रखेंगे। इस अवसर पर सायकल प्रभारी तनुजा कोसमा, कंचनलता ठाकुर, भारती देवांगन, लिप्सा ठाकुर, गोदावरी मसीयारे, यामिनी मरकाम, कल्याणी साहू, तेजस्विनी मानिक, तोमेश्वरी मानकर, पारुल टांडिया, खुशबू ढोके, प्रेरणा मेहरा, विनिशा साहू, दुष्यंत सोनकर, रंजीत लहरें, डेविड गिलहरे, जनक कोमरा बीके श्रीवास्तव, राजेंद्र नेताम, नितिन ध्रुव, विजयकांत रामटेके, केबी रामटेके व अन्य उपस्थित रहें।



## कांकेर शहर में विराजे गणपति...



श्री श्री बाल गणेश उत्सव परिवार, मुहरबंदपारा



काल भैरव गणेश विघ्न राज परिवार समिति बाजारपारा



श्री श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति, संजय नगर



श्री श्री बालाजी परिवार, मेन रोड गांधी चौक एमजी वार्ड



श्री श्री बप्पा मोरिया परिवार, बरदेभाटा

## लैंगिक अपराध की रोकथाम की कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को मिली अहम जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर में एसडीओपी प्रतिभा लहरे और उनकी टीम ने छात्र-छात्राओं को कार्यस्थल में लैंगिक अपराध और उनके रोकथाम विषय पर कार्यशाला को संबोधित किया। एसडीओपी ने कहा कि शैक्षिणिक संस्थाओं की छात्राएं लैंगिक अपराध के लिए सॉफ्ट टारगेट होती है। इसके रोकथाम में कार्यस्थल में अंतिरिक परिवाद कमेटी की भूमिका के बारे में प्रकाश डाला। कार्यस्थल में शिकायत पेटी रखने के लिए भी पूर्ण जोर डाला।

अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से ड्राइंविग लाइंसेस बनाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। यातायात विभाग के अधिकारियों ने चौक चौराहों और सड़क किनारे लगे संकेतो और चिन्हों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला और इनके परिपालन के निर्देश दिया। युवा छात्र छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों के बारे में बताया और निर्देश दिया कि कभी नशे के हालत में वाहन ना चलाए, हैलमेट का उपयोग करने और वाहन चलाते समय कभी भी मोबाईल का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया।

कार्यशाला में संस्था के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं संस्था के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। आंतरिक परिवाद कमेटी की अध्यक्ष निशा जगवानी, सदस्य तृप्ती लावत्रे, लक्ष्मी तिवारी, ज्योति ठाकुर, मनभा मंडावी व अन्य उपस्थित रहें।

### सायबर अपराध व यातायात के बारे में दी जानकारी

आईपीसी एवं बीएनएस कानूनों के विभिन्न प्रावधानों का उल्लेख कर कहा कि ऐसे मामलो में दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाती है। साईबर क्राईम और सेक्सटार्शन के उदारहणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने छात्र-छात्राओं को मोबाईल फोन का सावधानी से उपयोग करने की हिदायत दी और अपेन सोशल मीडिया एकाउण्ट को सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में बताया। कार्यशाला में यातायात विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होने छात्र-छात्रओं को आवश्यक दस्तावेज यथा रजिस्ट्रेशन बुक, बीमा, के दस्तावेज और ड्राइंविग लाइंसेस वाहन चलाते समय साथ में रखने की हिदायत दिया।

## विकास समिति ने मुक्तिधाम में लगाई कुर्सियां, मिलेगी राहत



**भानुप्रतापपुर।** मुक्तिधाम विकास समिति के द्वारा नगर के मुक्तिधाम में आम लोगों के बैठने के लिए जन सहयोग से कुर्सियां भेंट की गई। समिति के द्वारा समय-समय पर मुक्तिधाम में साफ़-सफाई व पौध रोपण जैसे कार्य किए जाते है। हालही में उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी अरुण साव के हाटकोंदल प्रवास के दौरान समिति के सदस्यों ने मुक्तिधाम में आम लोगों के बैठने की व्यवस्था के लिए टीन शेड, हाथ मुंह धोने के लिए बेसिन, चौकीदार क्वार्टर व फ्रीजर रखने के लिए एक हॉल बनवाने की मांग करते हुए पत्र सौंपा था।

मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष शंकर गांधी व उपाध्यक्ष अंबिका सोनी ने बताया कि मुक्तिधाम में कुछ कार्य कई महीनों से अधूरी पड़े है, जिसके चलते लोगों को परेशानियां हो रही है। ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने बोला गया पर उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे समिति के लोगो में रोष व्याप्त है। अगर ठेकेदार द्वारा जल्द अधूरे कार्यो को पूर्ण नहीं किया जाता तो समिति आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञात हो कि नगर के कुछ गणमान्य नागरिक व व्यापारियों ने मिलकर मुक्तिधाम विकास समिति का गठन किया है। इनके द्वारा गरीब व बेसहारा लोगों को अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी व गोबर के कंडे उपलब्ध कराए जाते हैं। हालही में समिति के माध्यम से मुक्तिधाम का कायाकल्प भी करवाया गया था। समिति के संरक्षक अनंत गोपाल कोठारी एवं सलाहकार चंद्रप्रकाश कटझरे, राकेश रमानी, सचिव दीपक शर्मा, सहसचिव वामन डड़सेना, कोषाध्यक्ष जीआर मरस्कोले एवं सदस्य ईश्वर साहू, देवेंद्र भाटिया, त्रिलोक चोपड़ा, पंकज यादव, जीवन यादव, सूरज मोटवानी, द्वारिका वनपाल, भक्तेश्वर सिन्हा, गौरव शर्मा, करणसिंह ठाकुर, अजय शर्मा, भीम कुमार देवांगन, विशाल आहूजा, सुभाष विश्वकर्मा, भगवान सिंह कुंजाम, पंकज यादव, हेमकुमार पटेल, प्रगट सिंह दंदीवाल हैं।

### रेडक्रॉस ने बालिकाओं दी मासिक धर्म पर जानकारी



**दुर्गुकोंदल।** शाउमावि मेड़ो में पदस्थ जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी तृप्ति गजभिये द्वारा किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता संबधित जानकारी दिया गया। बताया गया कि मासिक धर्म स्वच्छता का अर्थ है, पीरियडस के दौरान अपने शरीर को साफ और स्वच्छ रखना। जिसमे सैनिटरी पैड या टैम्पोन जैसे उत्पादों का सही इस्तेमाल नियमित रूप से व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना और संक्रमण से बचने के लिए उचित देखभाल करना है। इस दौरान संतुलित भोजन करने का सलाह दिया गया। मासिक धर्म में स्वच्छता का पालन करने से बैक्टिरियल संक्रमण और अन्य बिमारियों का खतरा कम होता है, जिससे बालिकाएं स्वस्थ्य और सुरक्षित रह सकती है।

# पत्रकारिता विभाग में सोशल मीडिया पर हुई चर्चा, 34 छात्रों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के उद्देश्य से शनिवार को एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा का विषय विद्यार्थियों पर सोशल मीडिया का प्रभाव रखा गया, जिसमें बीए मास कम्युनिकेशन के 34 विद्यार्थियों ने भाग लिए। कार्यक्रम में 17-17 विद्यार्थियों ने क्रमशः पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया के महत्व, ज्ञानवर्धन, संचार के नए साधनों के लाभ जैसे मुद्दों पर पक्ष रखा, वहीं समय की बर्बादी, मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर, साइबर अपराध और प्राइवेसी खतरे जैसी चुनौतियों पर विपक्ष ने प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए।

पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। इससे न केवल भाषा और शब्दों का ज्ञान बढ़ता है, बल्कि किसी भी विषय पर सोचने और अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास होता है। साथ ही मंच पर बोलने का डर भी खत्म होता है। परिचर्चा में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे। प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर पक्ष से बीए जनसंचार प्रथम सेमेस्टर के सुब्रत कुमेटी ने प्रथम स्थान प्रदान किया। वहीं विपक्ष में तृतीय सेमेस्टर के संतोष दुग्गा और प्रथम सेमेस्टर की जशमिन को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के तीनों सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। विद्यार्थियों के उत्साह और प्रस्तुति से कार्यक्रम सफल और ज्ञानवर्धक रहा।

### भानुप्रतापपुर को वाद विवाद स्पर्धा में मिले दो पुरस्कार



**भानुप्रतापपुर।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड को दो पुरुस्कार मिला। शाउमावि बैजनपुरी को तीसरा स्थान और सेजेस भानुप्रतापपुर को सांत्वना पुरस्कार मिला। बैजनपुरी के बच्चे अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

